web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

SJU Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, सोमवार 14 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-106

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 'येलो वेस्ट' प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ी, लेकिन हिंसक घटनाओं में कमी

पेरिस (आरएनएस)। फ्रांस में लंबे समय से चल रहे 'येलो वेस्ट' प्रदर्शनों में इस शनिवार को बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए लेकिन हिंसक घटनाओं में काफी गिरावट आई है। पेरिस तथा अन्य शहरों में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पों में सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी की खबर है। गृह मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के खिलाफ नौवें चरण के प्रदर्शन में 84,000 से अधिक लोग एकत्रित हुए वहीं पिछले शनिवार को प्रदर्शनों में 50,000 लोग एकत्रित हुए थे। गृह मंत्री क्रिस्टोफे कास्टनर ने बताया कि हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए राजधानी में 5000 सहित देशभर में 80,000 अधिकारी तैनात किए गए हैं। नौवें चरण के प्रदर्शन में हिंसा की कोई गंभीर घटना नहीं हुई है। गौरतलब है कि ईंधन कर में वृद्धि के विरोध में देश में 17 नवंबर से प्रदर्शन शुरू हुए थे लेकिन बाद में इनमें मैक्रों का व्यापार समर्थित एजेंडा और सरकार चलाने के तरीके के प्रति विरोध भी शामिल हो गया था।

### कोयला की खान का एक हिस्सा ढहा, 21 मजदूरों की मौत, कई फंसे

शी आन (आरएनएस)। चीन के उत्तर पश्चिमी प्रांत शानक्सी में एक कोयला खान में इसका एक हिस्सा गिरने से 21 मजदूर मारे गए तथा दो अन्य इसमें फंसे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार तड़के यह जानकारी दी।

### सूडान में मृतकों की संख्या बढ़कर 24 हुई

काहिरा (आरएनएस)। सूडान में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच राष्ट्रव्यापी झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। स्काई न्यूज अरब ब्रॉडकास्टर ने शनिवार को यह रिपोर्ट दी है।

### रेप पीड़िता को गवाही देने से रोकने के लिए रास्ते में जहर पिलाया

नई दिल्ली (आरएनएस)। रेप विक्टिम को अदालत में गवाही देने से रोकने के लिए सरेराह जहर पिला दिया गया। वारदात परसों रात उत्तम नगर में हस्तसाल रोड पर हुई। विक्टिम अस्पताल में भर्ती है और 10वीं की छात्रा है। पुलिस ने उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी है। पुलिस सूत्रों से पता चला है कि रेप का आरोपी हाल में जमानत पर बाहर आया है। उसने ही लड़की को जहर पिलाने की साजिश रची। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### श्रीनगर एयरपोर्ट पर हवाई सेवाएं फिर से बहाल

श्रीनगर (आरएनएस)। श्रीनगर हवाई अड्डे पर दोपहर के समय हवाई सेवाएं फिर से शुरू कर दी गई। बर्फबारी के चलते दृष्यता में आई कमी के कारण सुबह के समय हवाई सेवाएं रोक दी गई थीं। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा, श्रीनगर हवाई अड्डे पर दोपहर के समय हवाई सेवाएं फिर बहाल कर दी गई। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के चलते दृष्यता में आई कमी के कारण सुबह के समय हवाई सेवाएं रोक दी गई थीं। अधिकारी ने कहा, सुबह कुछ उड़ाने रद्द करने के बाद दोपहर के समय मौसम बदलने के साथ दृष्यता में सुधार हुआ और हवाई सेवाएं फिर से शुरू कर दी गई। उन्होंने कहा कि शनिवार को तय 28 उड़ानों में से आठ उड़ानों को रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कुछ उड़ानों में देरी भी हुई।

### बीएसएफ ने जब्त की मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नाव

भुज (आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात में भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक कच्छ जिले की व्यानवारी खाड़ी से शुक्रवार को एक मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौका जब्त की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# दूसरी शादी अवैध लेकिन उससे पैदा बच्चा वैधः सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दूसरी शादी (जो अमान्य है) से पैदा हुआ बच्चा वैध है और उसे हमदर्दी (अनुकंपा) के आधार पर नौकरी से मना नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड और जस्टिस एम.आर. शाह की बेंच ने कहा कि अगर कानून बच्चे को वैध मानता है, तो इसकी इजाजत नहीं हो सकती कि ऐसे बच्चे को हमदर्दी के आधार पर नौकरी से वंचित किया जाए। बता दें कि, पहली शादी के होते हुए हिंदू मैरिज ऐक्ट में दूसरी शादी अवैध है।

**क्या है मामला**

केंद्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। केंद्र सरकार ने मुकेश कुमार (बदला हुआ नाम) को प्रतिवादी बनाया था। मुकेश के पिता रेलवे में नौकरी करते थे। मुकेश पिता की दूसरी पत्नी से हुई संतान है। पिता की मौत के बाद मुकेश ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी मांगी। रेलवे ने अर्जी खारिज कर दी, लेकिन सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने मुकेश के पक्ष में आदेश दिया। मामला बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंचा। हाई कोर्ट ने हिंदू मैरिज ऐक्ट की धारा-16 के हवाले से कहा कि पहली शादी रहते हुए दूसरी शादी अमान्य है, लेकिन उससे पैदा बच्चा वैध है। हाई कोर्ट ने कहा कि रेलवे इसके अनुकंपा नौकरी के आवेदन पर विचार करे। इसके बाद मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाया गया।

**सुप्रीम कोर्ट ने फैसले को सही ठहराया**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया। सुप्रीम अदालत ने कहा हिंदू मैरिज ऐक्ट की धारा-16 (1) ऐसे बच्चे को प्रोटेक्ट करने के लिए ही है। धारा-11 के तहत दूसरी शादी अवैध मानी जाती है, लेकिन ऐसी शादी से पैदा हुआ बच्चा वैध है। कोई भी शर्त संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं कर सकती।

अगर कानून बच्चे को वैध मानता है, तो ऐसे बच्चे को हमदर्दी के आधार पर नौकरी देने से मना नहीं किया जा सकता। रेलवे के 1992 के ऐसे सर्कुलर को कोलकाता हाई कोर्ट खारिज भी कर चुका है, जिसमें दूसरी शादी से पैदा हुए बच्चे को नौकरी देने से मना किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तीन महीने में अथॉरिटी फैसला ले। केंद्र सरकार की याचिका में कोई मेरिट नहीं है।

# लद्दाख में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट

नई दिल्ली (आरएनएस)। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए मशहूर लद्दाख अब जल्द ही एक नई वजह से जाना जाएगा। यहां पर दुनिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट लगाए जाने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार, दक्षिणी करगिल से करीब 200 किलोमीटर दूर बनाए जाने वाले इस प्लांट से बिजली उत्पादन के साथ ही एक साल में करीब 12,750 टन कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही आसपास के इलाकों को रोजगार भी मिलेगा।



नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अधीन संस्था सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया इससे जुड़े प्रोजेक्ट्स को प्रमोट कर रही है। माना जा रहा है कि लद्दाख में 5,000 मेगावॉट की यूनिट और करगिल के लिए 2,500 मेगावॉट की यूनिट साल 2023 तक तैयार हो जाएगी। इस पर करीब 45,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

लद्दाख की प्रॉजेक्ट यूनिट रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र लेह के न्योमा में हनले-खलदो में बनाई जाएगी। वहीं करगिल सोलर प्लांट यूनिट को जान्स्कार के सुरु में बनाया जाएगा जो डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर से 254 किलोमीटर की दूरी पर है।

लद्दाख यूनिट से जनरेट होने वाली बिजली को कैथल तक सप्लाई किया जाएगा, जिसके लिए 900 किलोमीटर लंबी लाइन लेह-मनाली सड़क पर बिछाई जाएगी। करगिल परियोजना श्रीनगर के पास न्यू वानपोह में ग्रिड के साथ शुरू होगी। करगिल परियोजना श्रीनगर के पास न्यू वान्पोह में ग्रिड के साथ जुड़ेगी।

एसईसीआई के डायरेक्टर एसके मिश्रा ने बताया कि टेंडर्स से जुड़ी समस्याओं पर गौर करने के साथ ही प्रॉजेक्ट के स्थान से जुड़ी समस्याओं पर भी गौर कर उन्हें दूर करने की कोशिश की गई है।

## मेहरम' के बिना हज पर जाएंगी 2340 महिलाएं



नयी दिल्ली (आरएनएस)। 'मेहरम' (पुरुष साथी) के बिना हज पर जाने की इजाजत मिलने के बाद इस साल 2340 महिलाएं अकेले हज पर जाने की तैयारी में हैं। यह संख्या पिछले साल के मुकाबले करीब दोगुनी है। भारतीय हज समिति के मुताबिक, 'मेहरम' के बिना हज पर जाने के लिए कुल 2340 महिलाओं का आवेदन मिला और सभी को स्वीकार कर लिया गया। इन महिलाओं के रहने, खाने, परिवहन और दूसरी जरूरतों के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। हज कमेटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मकसूद अहमद खान ने बताया, ''इस बार कुल 2340 महिलाएं मेहरम के बिना पर हज पर जा रही हैं। जितनी भी महिलाओं ने बिना मेहरम के हज पर जाने के लिए आवेदन किया, उन सबके आवेदन को लॉटरी के बिना ही स्वीकार कर लिया गया।'' पिछले साल करीब 1300 महिलाओं ने आवेदन किया था। नई हज नीति के तहत पिछले साल 45 वर्ष या इससे अधिक उम्र की महिलाओं के हज पर जाने के लिए मेहरम होने की पाबंदी हटा ली गई थी। 'मेहरम' वो शख्स होता है जिससे इस्लामी व्यवस्था के मुताबिक महिला की शादी नहीं हो सकती अर्थात पुत्र, पिता और सगे भाई।

## 12 साल लगातार कांग्रेस ने मुझे परेशान किया थाःमोदी

### बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले पीएम



नई दिल्ली (आरएनएस)। बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अपने मुख्यमंत्री काल का भी जिक्र किया। दरअसल, प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और अब छत्तीसगढ़- इन तीन राज्यों में सीबीआई पर बैन का उदाहरण दे रहे थे। इसी दौरान उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इन लोगों ने ऐसे क्या काम किए हैं कि इनकी नींद हराम हो गई और इन्हें डर लग रहा है। उन्होंने आगे बताया, मैं जब गुजरात का मुख्यमंत्री था तो 12 साल तक लगातार कांग्रेस, उसके साथियों और उसके इशारे पर चलने वाले सिस्टम ने, उसके रिमोट से चलने वाले नेताओं और अफसरों ने, उनकी पूरी सल्तनत ने हर तरीके से मुझे परेशान करने का काम किया था। उन लोगों ने एक मौका नहीं छोड़ा था। कांग्रेस की पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, उनकी एक भी एजेंसी ऐसी नहीं थी जिसने मुझे सताया न हो। इतना ही नहीं, 2007 में कांग्रेस के एक बड़े नेता (जो मंत्री थे) गुजरात आए तो चुनाव सभा में दावा कर दिया था कि मोदी कुछ महीने के अंदर जेल चला जाएगा।

## ट्रेनों के गेट पर नीले रंग की बत्ती बताएगी ट्रेन हो गई है स्टार्ट

मुंबई (आरएनएस)। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में ट्रेनों में चढ़ने के दौरान होने वाले हादसों को बचाने के लिए वेस्टर्न रेलवे ने नायाब कदम उठाया है। यहां ट्रेनों के गेटों पर नीले रंग की बत्ती लगाई गई है। यह बत्ती ट्रेन के स्टार्ट होते ही जलने लगती है जिससे पता चल जाएगा कि ट्रेन चलने वाली है। इससे हादसों से बचाव किया जा सकेगा।



केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को एक ट्रेन का विडियो शेयर किया। इस ट्रेन में दिख रहा है कि किस तरह ट्रेन के स्टार्ट होते ही गेट पर लगी नीले रंग की बत्ती जलने-बुझने लगती है। तीन से चार बार जलने-बुझने के बाद ट्रेन प्लैटफॉर्म से रवाना होती है।

# भारतीय हवाई यात्रियों को लुभाने देसी-विदेशी एयरलाइन कंपनियों ने सस्ते किए टिकट

नई दिल्ली (आरएनएस)। पर्यटन का प्लान बना रहे हैं तो आपके लिए खुशखबरी है। भारतीय ग्राहकों को लुभाने की होड़ में देसी के साथ-साथ विदेशी एयरलाइन कंपनियां भी टिकट सस्ते कर रही हैं। घरेलू यात्रा के लिए देसी कंपनियों के टिकट 899 रुपये से जबकि विदेश यात्रा के लिए 3,399 रुपये से शुरू हो रहे हैं। इसका मकसद यात्रा की दृष्टि से सुस्त मौसम में सीट भरने के साथ-साथ अडवांस सेल्स के जरिए नकदी जुटाना भी है।



**कतर एयरवेज**

मसलन, कतर एयरवेज इकॉनमी और बिजनस क्लास के टिकटों पर 35 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक डिस्काउंट ऑफर कर रही है। ऑफर का फायदा 16 जनवरी तक की बुकिंग और 31 दिसंबर, 2019 तक की यात्रा के लिए कंपनी की सभी फ्लाइट्स पर उठा सकते हैं। कतर एयरवेज के चीफ कमर्शल ऑफिसर एहाब अमीन के मुताबिक, कंपनी की फ्लाइट्स दुनियाभर के 160 गंतव्यों के लिए उड़ान भरती हैं।

**ब्रिटिश एयरवेज**

इसी तरह, ब्रिटिश एयरवेज ने भी जनवरी सेल शुरू कर दी है।

# देर से मिला कम पेमेंट, नाराज किसानों ने दो शुगर मिलों के दफ्तरों में लगाई आग



कोल्हापुर (आरएनएस)। गन्ना किसानों को कम कीमत, वह भी देरी से दिए जाने को लेकर पैदा नाराजगी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में शनिवार को हिंसक रूप ले लिया। यहां कुछ गांववालों ने दो शुगर मिलों के दफ्तरों में आग लगा दी और चार ऑफिस बंद करा दिए। जिन दो मिलों के दफ्तरों में आग लगाई गई वे सतारा और सांगली जिले की हैं, जबकि कोल्हापुर के चार दफ्तरों में तोड़फोड़ की गई और जबरन बंद करा दिए गए। पुलिस ने तीनों जिलों में चीनी मिलों की सुरक्षा कड़ी कर दी है।

पुलिस ने बताया है कि अज्ञात लोगों के खिलाफ 6 मामलों में केस दर्ज किए गए हैं और हमलावरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

घटना उस वक्त हुई जब किसानों को पता चला कि ज्यादातर प्राइवेट और कोऑपरेटिव चीनी मिलों ने उन्हें दी जाने वाली कीमतों का केवल 80 प्रतिशत ही उनके बैंक अकाउंट्स में जमा किया है।

## आईएसआईएस ने दी कुम्भ में हमले की धमकी

### केरल के एक आतंकी ने जारी किया ऑडियो


प्रयागराज (आरएनएस)। दहशतगर्दों ने दिव्य व भव्य कुम्भ में कत्लेआम करने का फरमान जारी किया है। आईएसआईएस के एक एजेंट ने आडियो टेप जारी करके सनसनी फैला दी है। जल में जहर मिलाकर हलाल करने की बात कही गई है। यूट्यूब पर वीडियो देखकर खुफिया एजेंसियों ने कुम्भ पुलिस को सतर्क किया है। पुलिस एहतियातन मेला के सभी क्षेत्रों में रिहर्सल कर रही है। जनवरी 2019 में यह टेप जारी किया गया है। इसके बाद यूट्यूब पर एक वीडियो अपलोड हुआ।



इस वीडियो में कहा गया है कि आईएसआईएस ने कुम्भ मेले में कत्लेआम करने का फरमान जारी किया है। हिन्दू और मुसलमानों में नफरत फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। कहा गया है कि काफिरों को भी निशाना बनाया जाए। यह आडियो टेप केरल के आतंकी अब्दुल रसीद ने जारी किया है। ऐलान किया कि पानी में जहर मिलाकर कुम्भ में हलाल किया जाए।

# सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए 10 पर्सेंट कोटा बिल पर राष्ट्रपति ने लगाई मुहर

नई दिल्ली (आरएनएस)। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए शिक्षा और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण वाले बिल को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही अब यह कानून बन चुका है। इससे पहले संसद ने बुधवार को सामान्य वर्ग के गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए 124वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित कर दिया था। हालांकि कई विपक्षी दलों ने चुनाव से पहले बिल की टाइमिंग पर सवाल उठाए थे।



लोकसभा चुनाव से पहले इसे मोदी सरकार का बड़ा कदम माना जा रहा है। आपको बता दें कि सामान्य वर्ग के लिए आरक्षण का यह प्रावधान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले 50 फीसदी आरक्षण से अलग है। इसके लिए संसद ने 124वां संविधान संशोधन किया है।

उधर, 124वें संविधान संशोधन विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई है। गैरसरकारी संगठन यूथ फॉर इक्वैलिटी और कौशल कांत मिश्रा ने याचिका में इस विधेयक को निरस्त करने का अनुरोध करते हुए कहा है कि एकमात्र आर्थिक आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि इस विधेयक से संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन होता है क्योंकि सिर्फ सामान्य वर्ग तक ही आर्थिक आधार पर आरक्षण सीमित नहीं किया जा सकता है और 50 फीसदी आरक्षण की सीमा लांघी नहीं जा सकती है।

# पैरिस विस्फोट में मरने वालों की संख्या तीन हुई

पैरिस (आरएनएस)। फ्रांस के पेरिस में शनिवार सुबह हुए भीषण विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है।



इस विस्फोट में स्पेन की एक महिला पर्यटक की भी मौत हुई है। इस हमले में घायल 10 लोगों में स्पेन की यह नागरिक भी थी, जिसने दोपहर को दम तोड़ दिया। गृहमंत्री क्रिस्टोफर कास्टनर ने शनिवार सुबह बताया, 'इस विस्फोट की वजह से 27 और 28 साल के दो दमकलकर्मियों की भी मौत हो गई।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, इस हमले में 37 लोगों को हल्की चोटें आई हैं। यह विस्फोट शनिवार सुबह लगभग नौ बजे पेरिस में एक बेकरी से संदिग्ध गैस लीक की वजह से हुआ।